Regd. No. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : ww.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No. H.C.T.A./5/14. Dated 27.05.2014

सेवार्थ

महानिदेशक
उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार
पंचकूला।

विषय : एडिड कॉलेजों की प्रबन्ध-समितियों द्वारा भर्ती न करने सम्बन्धी।

श्रीमान जी,

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों के सभी शिक्षक-गैरशिक्षक खाली पदों पर नियमित/स्थाई भर्ती के जो आदेश दिए हैं, उसके लिए हम सरकार/विभाग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

लेकिन कुछ प्रबन्ध-समितियां दुर्भावना से स्थाई भर्ती नहीं कर रहीं जैसे 1. एस.डी. महिला महाविद्यालय, हांसी (हिसार), 2. इन्दिरा गांधी महिला महाविद्यालय, कैथल 3. जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट। ऐसे ही कुछ और भी कॉलेज हैं।

स्थाई भर्ती नहीं करने के पीछे कुछ प्रबन्ध समितियों का निहित स्वार्थ यह हो सकता है कि सैल्फ-फाइनैंस में पार्ट-टाईम शिक्षकों की भर्ती में शोषण-उत्पीड़न और भ्रष्टाचार आसानी से किया जा सकता है। यह इन संस्थाओं की स्थापना के बुनियादी उद्देश्यों-सिद्धान्तों से विचलन भी है। और भी अनेक प्रकार की अनियमितताएं हो रही हैं। हमने 14.01.2014 के पत्रांक HCTA/1/14 द्वारा भी आपसे इस समस्या सम्बन्धी लिखा था।

पुरजोर निवेदन है कि

1. तत्काल स्थाई भर्ती नहीं करने वाली प्रबन्ध समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाये।
2. सैल्फ फाइनैंस शिक्षकों की विधिपूर्वक भर्ती सुनिश्चित की जाये।
3. कॉलेजों के प्रबन्धन-संचालन की अनियमितताओं (वित्तीय मामलों समेत) की गहन जाँच के लिए सम्बद्ध युनिवर्सिटी से निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट भेजने के लिए कहा जाये।

2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों की नई पैंशन स्कीम के लिए अपने मैंचिंग ग्रांट जारी करने के आदेश दिए हैं। एसोसिएशन इसके लिए हार्दिक आभार/धन्यवाद ज्ञापित करती है।

सधन्यवाद!

भवदीय

(डॉ. रविन्द्र गासो)